## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने री-इन्वेस्ट में इरेडा पवेलियन का दौरा किया




गांधीनगर, 16 सितंबर 2024

भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने आज महात्मा मंदिर, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित चतुर्थ वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो (री-इन्वेस्ट) में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) पवेलियन का दौरा किया। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने माननीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया और देश की अग्रणी ग्रीन फाइनेंसिंग एनबीएफसी के रूप में इरेडा की 37 वर्ष की यात्रा का अवलोकन कराया। श्री दास ने सतत विकास का नेतृत्व करने, लोगों को हरित ऊर्जा से जोड़ने के लिए और देश के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मदद करने के बारे में इरेडा के विजन को साझा किया।

माननीय श्री मोदी के साथ नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के माननीय केंद्रीय मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी; गुजरात के माननीय राज्यपाल, श्री आचार्य देवव्रत; गुजरात के मुख्यमंत्री, श्री भूपेंद्र पटेल; एमएनआरई के सचिव, श्री भूपिंदर सिंह भल्ला और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। गणमान्य व्यक्तियों ने भारत के हरित परिवर्तन के लिए वित्तपोषित करने और वर्ष 2030 तक भारत सरकार के 500 गीगावाट की गैर-जीवाश्म ईंधन स्थापित क्षमता लक्ष्य का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका के लिए इरेडा की सराहना की।



इरेडा का पवेलियन, जिसका विषय "अक्षय ऊर्जा के लिए जिम्मेदार" था, ने सतत विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता और वर्ष 2030 के लिए देश के पंचामृत लक्ष्यों और विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण पर इसके रणनीतिक फोकस को प्रदर्शित किया।

इरेडा के सीएमडी,श्री प्रदीप कुमार दास ने माननीय प्रधान मंत्री का स्वागत करते हुए अपना सम्मान व्यक्त किया, और अक्षय ऊर्जा विस्तार के वित्तपोषण के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट और वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के राष्ट्र के लक्ष्य में योगदान देने के बारे में बतलाया । उन्होंने भारत की हरित ऊर्जा क्रांति को आगे बढ़ाने और सभी लोगों के लिए आत्मनिर्भर,सतत भविष्य को बढ़ावा देने के लिए इरेडा के नेतृत्व के बारे में जोर दिया।